दिन– मंगलवार | दिनांक– 23 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पच्चीस लाख अतिरिक्त कनेक्शन देने का फैसला किया।

02. बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुये शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए तेईस सीमावर्ती जिलों में तीन सौ तिरानवे चौकियां बनाई जायेंगी।

03. स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत राज्य में अब तक चालीस लाख से अधिक लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गयी।

04. और, पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति के वैश्विक प्रचार के उद्देश्य से आज राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है। प्रदेश में हो रहा है कई कार्यक्रमों का आयोजन।

---

केन्द्र सरकार ने नवरात्रि पर चालू वित्तीय वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पच्चीस लाख अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने का फैसला किया है। महिला लाभार्थियों का अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार का यह कदम महिला सशक्तिकरण के संकल्प को और मजबूत करेगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि सरकार प्रत्येक नए कनेक्शन पर दो हजार रुपये से अधिक खर्च करेगी।

–––बाईट–––

हमारी बहनों को 25 लाख अधिक उज्ज्वला कनेक्शन मिलेंगे। ये योजना 2016 में जिसकी शुरुआत हुई थी उसमें अब 10 करोड़ 30 लाख ऑलरेडी थे, सभी मिलकर मुझे लगता है ये 10 करोड़ 60 लाख पर चले जाएंगे। अलग–अलग वर्गों से डिमांड थी कि उज्ज्वला कनेक्शन बढ़ने चाहिए। तो मुझे बहुत ही खुशी है कि आज इस शुभ अवसर पर ये एडिशनल बेनिफिट हमारी बहनों को मिलेगा।

---

बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुये शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए तेईस सीमावर्ती जिलों में तीन सौ तिरानवे चौकियां बनाई जायेंगी। अपर पुलिस महानिदेशक, मद्य निषेध अमित कुमार जैन ने बताया कि इनमें से पचास सीमा चौकियां सीमा सुरक्षा बल की होंगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिलों में भी एक सौ छिहत्तर मिरर चेक पोस्ट बनाने का संबंधित राज्यों से अनुरोध किया गया है। इससे सीमा जांच चौकियों से पहले ही संदिग्धों की जांच सुनिश्चित हो सकेगी।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान बैंकों की नकदी ढ़ोने वाले वाहनों में आउटसोर्स एजेंसी किसी तीसरे व्यक्ति या संस्था की राशि नहीं रखेंगे। ऐसा करने पर राशि जब्त कर ली जायेगी। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रशांत कुमार सीएच ने बताया कि इन वाहनों के साथ बैंक का दस्तावेज भी रखना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि आउटसोर्स एजेंसियों से वित्त मंत्रालय की मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करने को कहा गया है। साथ ही इस संबंध में सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी को भी दिशा—निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

———————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि एनडीए में सीटों का बंटवारा जल्द हो जायेगा। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि सम्मानजनक सीटों से उनकी पार्टी कोई समझौता नहीं करेगी।

———बाईट———

———————————————————

जे.पी. गंगा पथ का भोजपुर के कोईलवर तक विस्तार होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल पटना में नई परियोजना की आधारशिला रखी। विस्तारीकरण पर छह हजार चार सौ पंचानवे करोड़ रूपये खर्च होंगे। इस पथ का निर्माण चार वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है।

———————————————————

अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर— जीएसटी सुधारों के साथ, लोग अब इन बदलावों का लाभ उठा सकते हैं। कल से लागू हुए नई कर संरचना के अंतर्गत जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को पांच प्रतिशत, बारह प्रतिशत, अठारह प्रतिशत और अट्ठाईस प्रतिशत की चार—स्तरीय संरचना से पांच प्रतिशत और अठारह प्रतिशत की दो—स्तरीय संरचना में सरल बना दिया है। ये सुधार कई वस्तुओं और सेवाओं पर कर को कम कर लोगों को राहत प्रदान करेंगे। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में इकहत्तर वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार हिंदी फिल्म बारहवीं फेल को और सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म का पुरस्कार कटहल को दिया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरुख खान को जवान फिल्म के लिए और विक्रांत मैसी को बारहवीं फेल के लिए संयुक्त रूप से दिया जाएगा। अभिनेता, निर्देशक और निर्माता मोहनलाल को वर्ष दो हजार तेईस के लिए बहुप्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया जाएगा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से प्रेरित सरकार परिवर्तन और प्रगति की दिशा में लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज हम चर्चा करेंगे कि मोदी सरकार ने किस तरह कल्याणकारी उपायों, सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय समावेशन के माध्यम से अनौपचारिक क्षेत्र को मज़बूत किया है।

———बाईट———

---

सेवा पर्व के दौरान प्रदेश में चलाये जा रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत राज्य में अब तक चालीस लाख से अधिक लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गयी है। स्वास्थ्य विभाग की विज्ञप्ति में कहा गया है कि लोगों की स्वास्थ्य जांच के साथ–साथ उन्हें दवा और परामर्श भी उपलब्ध कराया जा रहा है। अभियान की शुरूआत सत्रह सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर हुई थी। यह अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा।

---

आज राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस है। इस अवसर पर देश और प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य कार्यक्रम अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान–एआईआईए गोवा में मनाया जाएगा। समारोह का उद्‌घाटन केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव करेंगे। वहीं, राजधानी पटना में क्षेत्रीय आयुर्वेद संस्थान अनुसंधान परिषद में **आयुर्वेद जन–जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए** विषय पर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर विभिन्न आयुर्वेद केन्द्रों पर परामर्श शिविर भी आयोजित किये जा रहे हैं।

---

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

मान्यता है कि मां के इस स्वरूप की पूजा करने से तप, त्याग, सदाचार और संयम में वृद्धि होती है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से ही लोग पूजा–अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूरा वातावरण मां दुर्गा के मंत्रों और भजनों से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

---

राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की आज एक सौ सत्रहवीं जयंती है। आज ही के दिन उन्नीस सौ आठ में बेगूसराय के सिमरिया में उनका जन्म हुआ था। रश्मिरथी, कुरूक्षेत्र और परशुराम की प्रतीक्षा उनकी प्रमुख रचनाएं हैं। सुनते हैं उन्नीस सौ बासठ के भारत–चीन युद्ध की पृष्ठभूमि पर उनकी रचना **परशुराम की प्रतीक्षा** के अंश, उन्हीं के स्वर में।

———बाईट———

---

पटना के खगौल रेलवे पुलिस ने चोरी के जेवरात खरीदने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लगभग पांच लाख रूपये मूल्य के आभूषण बरामद किये गये हैं। वहीं, रेल पुलिस ने ट्रेन में चोरी करने वाले एक ही परिवार के छह लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

---

गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक ट्रक से लगभग एक करोड़ रूपये मूल्य का गंजा बरामद कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

---

राजगीर में श्रीलंका के एक पर्यटक की गृद्धकुट पर्वत पर चढ़ाई के दौरान तबीयत खराब होने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान कोलम्बो निवासी चौहत्तर वर्षीय धनपाल के रूप में हुई है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान की सुर्खी है– शिक्षक बहाली के चौथे चरण की रिक्तियां जल्द। शिक्षा मंत्री ने कहा– सत्ताईस हजार के करीब रिक्तियां होंगी।

दैनिक जागरण ने लिखा है– जेपी गंगा पथ का कोईलवर तक होगा विस्तार। मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास।

प्रभात खबर लिखता है– अट्ठाईस को पीएम मोदी और सत्ताईस को अमित शाह आ सकते हैं बिहार। कल सोनिया, राहुल पटना में, छब्बीस को प्रियंका आएंगी मोतिहारी।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– चुनावी वादों का सालाना भार तैंतीस हजार नौ सौ छब्बीस करोड़ रुपए।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– कर्नाटक में जातीय जनगणना हुई शुरू।

आज अखबार की सुर्खी है– अगले हफ्ते बिहार आएंगे मुख्य चुनाव आयुक्त।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंर्तगत पच्चीस लाख अतिरिक्त कनेक्शन देने का फैसला किया।

02. बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुये शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए तेईस सीमावर्ती जिलों में तीन सौ तिरानवे चौकियां बनाई जायेंगी।

03. स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत राज्य में अब तक चालीस लाख से अधिक लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गयी।

04. और, पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति के वैश्विक प्रचार के उद्‌देश्य से आज राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है। प्रदेश में हो रहा है कई कार्यक्रमों का आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।